समाचार

रैनबसेरा को 15 गद्दे प्रदान किए महापौर ने

(निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने व साफ–सफाई रखने दिए निर्देश)

कोरबा 26 जुलाई 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय कोरबा के परिसर में स्थित रैनबसेरा को 15 नग गद्दे प्रदान किए, उन्होने रैनबसेरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने व साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश केयरटेकर को दिए।

यहां उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय कोरबा के परिसर में स्थित रैनबसेरा का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया था, उस दौरान पाया गया था कि रैनबसेरा में उपलब्ध गद्दे जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है तथा रैनबसेरा में रूकने वाले व्यक्तियों के उपयोग के लिए सुविधाजनक नहीं है, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होने रैनबसेरा में ठहरने वाले लोगों के उपयोग हेतु 15 नग नए गद्दे उपलब्ध कराने हेतु निगम को कहा था। इसी कड़ी में आज महापौर श्रीमती अग्रवाल ने 15 गद्दे रैनबसेरा को प्रदान किए, उन्होने वहां के केयरटेकर को निर्देशित करते हुए कहा कि रैनबसेरा की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखें, साफ–सफाई का विशेष ध्यान दें ताकि यहां पर ठहरने वाले मुसाफिरों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर समाज सेविका मंगल बुधिया, वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।